# बिहार विधान सभा सचिवालय

ज्ञापांक-क्रय-11/2025 /वि०स०, पटना, दिनांक-

## निविदा आमंत्रण

बिहार विधान सभा सचिवालय के विभिन्न शाखाओं में अधिष्ठापित कम्प्यूटर / प्रिंटर / UPS / स्कैनर / फैक्स मशीन एवं Online UPS का आगामी 02 वर्षों के लिये वार्षिक संधारण कार्य हेतु विभिन्न इच्छुक निबंधित प्रतिष्ठानों/फर्मों से भिन्न-भिन्न उपकरणों का प्रति अदद् GST सहित न्यूनतम दर सीलबंद लिफाफा में निविदायें सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से उनके कार्यालय कक्ष में यथानिर्धारित शर्तों के अधीन दिनांक-15.10.2025 को 03.00 बजे अप० तक आमंत्रित की जाती है ।

सभी प्राप्त निविदायें दिनांक-15.10.2025 को 04.00 बजे अप० में सभापति, क्रय समिति, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

**निविदा से संबंधित आवश्यक निर्धारित शर्त्तें:-**

1. निविदा सीलबंद लिफाफा में एवं प्रत्येक लिफाफा के ऊपर फर्म का नाम, पता, दूरभाष, मोबाईल एवं फैक्स संख्या अंकित होना चाहिए ।
2. निविदा टंकित एवं इसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर एवं मुहर होना आवश्यक है ।
3. निविदा के साथ संलग्न सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित एवं सांख्यांकित होना चाहिए ।
4. निविदा के साथ निविदादाता को समान प्रकृति का कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए ।
5. निविदादाता को निविदा के साथ नोटराईज्ड शपथ-पत्र (शपथ-पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का) संलग्न करना होगा जिसमें यह अंकित होगा कि उनके फर्म को सरकार अथवा किसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है तथा इससे संबंधित कोई मुकदमा दर्ज नहीं है ।
6. निविदादाता को निविदा के साथ अंके 25,000/- (पच्चीस हजार) रूपये की बैंक गारंटी सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से जो अनुबंध की अवधि तक वैध हो सभा सचिवालय में जमा कराना होगा जिसकी वापसी कार्य संतोषप्रद रहने पर अनुबंध समाप्ति के पश्चात् ही की जा सकेगी।
7. चयनित फर्म / प्रतिष्ठान को अनुशंसित दर पर अगले दो वर्षों तक वार्षिक संधारण कार्य करना होगा।
8. निविदा में उपकरणों का प्रति अदद् GST सहित दर अंकित करना आवश्यक होगा ।
9. सभी कागजात सही पाये जाने पर ही वित्तीय बोली का मूल्यांकन किया जायेगा ।
10. वार्षिक संधारण कार्य के तहत CPU / Monitor/ Printer / UPS / Online UPS एवं Scanner की मरम्मति में लगने वाले नये चंजे के लिये सभा सचिवालय द्वारा भुगतान किया जा सकेगा ।
11. प्रत्येक कार्य दिवसों की कार्यालय अवधि में एक कुशल मैकेनिक स्थाई रूप से सभा सचिवालय में प्रतिनियुक्त करना होगा ।
12. CPU / Monitor/ Printer / UPS / Online UPS and Scanner की मरम्मति हेतु वर्कशॉप ले जाने की स्थिति में स्टैंडबाई की सुविधा प्रदान करना होगा ।

13. सभी निविदादाता कार्यालय अवधि में अवर सचिव के दूरभाष संख्या-9852429945 पर निविदा पूर्व निविदा से संबंधित सूचना या स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं ।

14. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द / अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय के पास सुरक्षित रहेगा ।

15. निविदाताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदा की सभी शर्तें उन्हें मान्य है ।

16. सत्र अथवा किसी विशेष कार्यक्रमों के दौरान या सार्वजनिक अवकाशों के दिन कार्यलय आकर किए गए संधारण कार्य के बदले किसी प्रकार का भुगतान संबंधित दावा मान्य नहीं होगा ।

| क्रम सं0 | उपकरणों का नाम | मात्रा लगभग |
|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर | 200–250 |
| 2. | यू०पी०एस० | 140–200 |
| 3. | प्रिंटर (MFP, Mono and Colour) | 150–200 |
| 4. | स्कैनर | 15–20 |
| 5. | ऑन लाईन यू०पी०एस० | 05 |
| 6. | फैक्स मशीन | 08 |

आदेश से,<br>
ह०/-<br>
(संजीव कुमार)<br>
अवर सचिव,<br>
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-क्रय-11/2025- 3792 /वि०स०, पटना, दिनांक- 26.09.2025

प्रतिलिपि-श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा, बिहार विधान सभा को वेबसाईट पर अपलोड करने तथा CNC शाखा को बैठक आयोजित कराने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

26.9.25<br>
अवर सचिव,<br>
बिहार विधान सभा, पटना ।<br>
26.9.25